राष्ट्रीय वेबिनार

संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ॰ कृष्ण कान्त गुप्ता जी कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में अग्रवाल महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष आजादी का अमृत महोत्सव व गीता जयंती के उपलक्ष्य में अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ तथा कु० मायावती राजकीय गर्ल्स पोस्ट ग्रेजुएट महाविद्यालय, बादलपुर (गौतम बुद्ध नगर) उत्तर प्रदेश द्वारा संयुक्त रूप से 15 दिसंबर 2021 को राष्ट्रीय ऑनलाइन वेबिनार का आयोजन किया गया। शीर्षक **"आधुनिक वैश्विक संदर्भ में श्री मद् भगवद् गीता"** मुख्य वक्त्री के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के श्री वेङ्कटेश्वर महाविद्यालय दिल्ली के संस्कृत विभाग से डॉ॰ पुनीता शर्मा व वनस्थली विद्यापीठ राजस्थान के संस्कृत विभाग से डॉ॰ अंजना शर्मा उपस्थित रहें। इस वेबिनार में देश के विभिन्न महाविद्यालयों से अनेक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज की। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ॰ कृष्ण कान्त गुप्ता जी ने ऐसे पुनीत कार्य की प्रशंसा कर भविष्य में करते रहने के लिए उत्साहित किया साथ ही सहयोगी महाविद्यालय उत्तर प्रदेश की प्राचार्या ने आशीष वचन में गीता ज्ञान को आज के संदर्भ में मुख्य बताते हुए आगे भी सहयोग करते रहने का आश्वासन दिया।

वेबिनार में वक्त्री रूप में उपस्थित डॉ॰ पुनीता शर्मा ने अपने पावन वक्तव्य से गीता ज्ञान का गुप्त रहस्य उजागर कर प्रतिभागियों से अलौकिक व पावन ग्रन्थ को पढ़कर जीवन यात्रा सुगम चलाने का वादा किया साथ ही दूसरी वक्त्री डॉ॰ अंजना शर्मा जी ने अपने वक्तव्य में इस दिव्य व अलौकिक ग्रन्थ की दिव्यता, धार्मिकता, अध्यात्मिकता इत्यादि पक्षों को उजागर पर आधुनिक वैश्विक रूप हमसे सांझाकिया। राष्ट्रीय वेबिनार में देश के विभिन्न स्थानों से लगभग 600 ने रजिस्ट्रेशन कराया और 270 प्रतिभागियों ने उपस्थिति दर्ज की। संयोजिका डॉ॰ पूजा सैनी, डॉ॰ नीलम ने वेबिनार का सफल संचालन किया। वेबिनार को सफल बनाने में उप-प्राचार्या कमल टंडन, डॉ॰ राम चन्द्र, डॉ॰ गीता गुप्ता, डॉ॰ रेखा सैन व तकनीकि सहयोगी श्री मीतेंदर का भरपूर सहयोग रहा।